HOLIDAY HOME WORK

Date
Page

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखें।

क) मोहन पिता की नज़र बचाकर साँई को क्या लाकर देता था
उ- मोहन पिता की नज़र बचाकर साँई को रोटियां लाकर देता था।

ख) नारद के मन में उल्लास क्यों था?
उ नारद के मन में किसान के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए उल्लास था।

ग) कवि के अनुसार कौन सा धर्म श्रेष्ठ है?
उ- कवि के अनुसार मित्र धर्म श्रेष्ठ है।

घ) मनोहर ने ताई को क्या मंगवाकर देने के लिए कहा?
उ मनोहर ने ताई को पतंग मंगवाकर देने के लिए कहा

ङ) हमें गिरने के बाद क्या करना चाहिए।
उ) हमें गिरने के बाद दुःख नहीं मनाना चाहिए अर्थात आगे बढ़ने के लिए फिर से कोशिश करनी चाहिए।

2. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) आज का काम आज ही क्यों करना चाहिए?
उ- आज का काम आज ही करना चाहिए कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। समय का सदुपयोग करना चाहिए क्योंकि समय कभी लौटकर नहीं आता है।

ख रोम रोम ऋणी होने का क्या अभिप्राय है?
उ- रोम रोम ऋणी होने का तात्पर्य है शरीर का एक एक रोम कर्जदार होना। अर्थात दुर्योधन का कर्ण के ऊपर इतना अहसान है कि कर्ण का शरीर का एक एक रोम दुर्योधन के उपकार का कर्जदार है।

Date
Page

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

क) प्रियतम कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

उ - प्रियतम कविता के माध्यम से कवि यह संदेश देना चाहते है कि हमें सही कार्य करना चाहिए क्योंकि परिश्रम और सच्चे मन के द्वारा किए गए कार्यों से ही भलाई होती है, परंतु ईश्वर को नहीं भूलना चाहिए। हमें अपनी जिम्मेदारियों को भली-भांति निभाना चाहिए। हमें अपनी उत्तरदायित्वों को पूरा करने में किसी प्रकार की त्रुटी नहीं करनी चाहिए और नहीं किसी के स्नेह व प्रेम पर संदेह करना चाहिए। ईश्वर उसी से प्रेम करते है जो अनावश्यक आडंबरों में न पड़कर यथार्थ जीवन व्यतीत करता है तथा अपनी सामर्थ्य के अनुसार अपने कार्यों को निर्लिप्त भाव से करता है।

ख) "गुदड़ साँई! तुम निरे गदड़ नहीं गुदड़ी के लाल हो।" भाव स्पष्ट कीजिए।

उ - गुदड़ी का लाल होना मुहावरा है। इसका अर्थ यह है कि ऐसा व्यक्ति जिसकी बुद्धिमानी एवं योग्यता को लोग न समझते हो। साँई को गुदड़ी का लाल कहने का आशय यह है कि सभी लोग लोग उसे चिथड़ों वाला साँई ही जानते थे परंतु बालकों को भगवान स्वरूप मानते थे तथा उनके मनोविनोद के लिए ही गुदड़ रखते थे।

Date ____
Page ____

इसे केवल साँई ही समझते थे। इसी कारण
लेखक ने गुदड़ी का लाल कहा।

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।
उपस्थित — अनुपस्थित
क्रोध — क्षमा
आदर — अनादर, निरादर
गरीब — अमीर
डर — निडर

5. निम्नलिखित वाक्यों को पहचान कर उनके भेद लिखिए।
क) गिरकर उठो और उठकर बैठो।
उ संयुक्त वाक्य
ख) कोई काम कठिन न मानो। (सरल वाक्य)
ग) हमें मिलजुलकर पढ़ना है। (सरल वाक्य)
घ) यह काम हम कर सकते हैं। (सरल वाक्य